# नगर परिषद की नवनिर्मित 16 दुकानों के आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण, शीघ्र होगी ऑनलाइन नीलामी

**ओंकारेश्वर (निप्र)।** परिषद अध्यक्ष श्रीमती मनीषा परिहार की मौजूदगी में सभा कक्ष में हुई बैठक में निकाय स्वामित्व की नव निर्मित कुल 16. दुकानों की आरक्षण की कार्यवाही कि गई। राजस्व निरीक्षक नीरज रावत ने बताया की 30 साल की लीज पर नीलामी की प्रक्रिया शीघ्र ऑनलाइन होगी आरक्षण की गई दुकान जिसमें अनुसूचित जाति (अ0जा) की 02 दुकान (26, 32) अनुसूचित जनजाति (एस0टी0) की दुकान कमांक (23,24,27,35,37) अन्य पिछडा वर्ग महिला दुकान कमांक (33) को आरक्षण की श्रेणी में लिया गया है। शेष रही दुकान कमांक 25,28,29,30,31,34,36,38 अनारक्षित की श्रेणी में लिया गया है।

नगर परिषद कार्यालय के सामने के सामने जोड गणपति से लगी दुकान कमांक 23 से 28 कुल 06 दुकानो की शासकीय बोली प्रचलित कलेक्टर दर अनुसार 6,34,153/- प्रति दुकान निर्धारित की गई है। नगर परिषद सीएमओ निवास एवं फायर स्टेशन से लगी नवनिर्मित दुकानो की शासकीय बोली 9,79,154/ निर्धारित की गई है। नगर परिषद

अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रकाश परिहार ने कहा निकय के द्वारा युवाओ को रोजगार उपलब्ध करवाये जाने के उद्देश्य से यथा शीघ्र म0प्र0 नगर पालिका अचल अंतरण नियम 2016 के प्रावधानो के अनुरूप ई-निलामी के माध्यम से निलामी की कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी नगर परिषद की20 जनवरी को हुई बैठक में प्रकाश परिहार, अध्यक्ष प्रतिनिधि . नत्थू चौहान . ललित शुक्ला अधिवक्ता ., सुनिल सोने छन्दई बाई . प्रेमलाल गवले पार्षद प्रतिनिधि, गगाराम पंचोली पार्ड्गद प्रतिनिधि, कालूराम केवट पार्षद प्रतिनिधि, श्रीमति चम्पा जीजी , शुभम अग्रवाल चरून्द्रशेखर खण्डेलवाल, सागर काप्ले्ले मोजुद रहे। नगर परिषद सीएमओ मोनिका बोपचे ने बताया कि नगर परिषद ओंकारेश्वर स्वामित्व की दुकानों के साथ निकाय की छत अन्य सभी दुकानों की नीलामी आन लाईननीलामी प्रक्रिया के तहत की जाएगी पूर्व में निकाय द्वारा नीलम की गई दुकान की अनुबंध नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई होगी उनकी भी सूची तैयार की जा रही है।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 : सार्वजनिक शौचालयों की गुणवत्ता को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

**खंडवा।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत सार्वजनिक, सामुदायिक एवं स्कूल शौचालयों की व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु एसबीएम कार्यालय, जिला उद्यान में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में खुले में शौच एवं खुले में मूत्र विसर्जन की रोकथाम, शौचालयों के संचालन एवं रख-रखाव, फील्ड स्थिति एवं दस्तावेजीकरण से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा की गई। सभी केयरटेकरों को शौचालय स्वच्छ, सुरक्षित एवं उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाए रखने के निर्देश दिए गए। ओडीएफ++ मानकों के अनुरूप दिव्यांगजन-अनुकूल सुविधाएँ, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ जल की उपलब्धता तथा नियमित सफाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान ह्यस्र++ मापदंडों, फील्ड एविडेंस, जियो-टैगिंग एवं पोर्टल अपलोड जानकारी भी साझा की गई।

# नेपा लिमिटेड में आपदा प्रबंधन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**एनडीआरएफ स्थापना दिवस पर अधिकारियों व कर्मचारियों को दी गई सुरक्षा एवं सतर्कता की जानकारी**

**नेपानगर।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन स्थित सम्मेलन कक्ष में सोमवार को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) का स्थापना दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया।

कार्यक्रम की प्रस्तावना जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल देश की आपदा प्रबंधन व्यवस्था की सबसे सशक्त कड़ी है। प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के समय एनडीआरएफ के प्रशिक्षित जवान जिस साहस, अनुशासन और तत्परता से जन-धन की रक्षा करते हैं, वह पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता औद्योगिक

संरक्षा विभाग के वरिष्ठ परामर्शदाता किशन पटेल ने अपने उद्बोधन में बताया कि प्रत्येक वर्ष 19 जनवरी को एनडीआरएफ स्थापना दिवस मनाया जाता है। आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के अंतर्गत 19 जनवरी 2006 को एनडीआरएफ का गठन किया गया था, जो भूकंप, बाढ़, चक्रवात सहित विभिन्न आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता है। उन्होंने आपदा प्रबंधन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भोपाल गैस त्रासदी से पूर्व भी विश्व में कई बड़ी औद्योगिक आपदाएँ घटित हो चुकी थीं। इटली के सेवेसो में रासायनिक गैस रिसाव तथा जापान की औद्योगिक दुर्घटनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी के गंभीर दुष्परिणाम सामने आए हैं। ऐसे में जागरूकता, नियमित प्रशिक्षण और पूर्व सतर्कता ही आपदाओं से होने वाले नुकसान को न्यूनतम कर सकती है। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) ज्ञानेश्वर खैरनार ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन कर्मचारियों में सुरक्षा के प्रति चेतना विकसित करते हैं तथा आपदा की स्थिति में त्वरित और सही निर्णय लेने में सहायक होते हैं। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक वाणिज्य एवं कार्य सुरेंद्र कुमार मेहता, उप प्रबंधक वाणिज्य सुनील कुमार कुलथे, उप प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा, विभागाध्यक्ष सुरक्षा संजय पवार, नेपा मिल श्रमिक संघ के प्रधान सचिव अरुण फरकले सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हटाए गए हाथ ठेला व्यवसाईयों के लिए शासन प्रशासन ने चार स्थान किए चिन्हित

**खंडवा/पंधाना।** बस स्टैंड क्षेत्र से हटाए गए करीब 30-40 फल-फ्रूट पानीपुरी व सब्जी विक्रेताओं जो हाथ ठेलों पर व्यवसाय करते हैं, को नगर परिषद ने 19 जनवरी सोमवार को हटा दिया था,जिससे व्यवसाय करने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है,मंगलवार हॉट दिवस पर सभी हटाए गए फल-फ्रूट,पानी पुरी,सब्जी विक्रेताओं ने अपने हाथ ठेले नगर परिषद प्रांगण में खड़े कर दिए थे,व्यवसाईयों ने नगर परिषद को हस्ताक्षर युक्त आवेदन भी दिया है। एसडीएम दीक्षा भमोरे ने सुचारू व्यवस्था बनी रहे के मद्देनजर हाथ ठेलों पर व्यवसाय करने वालों के लिए चार जगह चिन्हित की है,जिसके तहत कुंडिया रोड, नगर परिषद के पीछे,खारवा रोड़ व दीवाल रोड़ है। सीएमओ मंसाराम बडोले ने बताया कि हमने किसी को बेरोजगार नहीं किया है,बस स्टैंड पर हमेशा रोड जाम की स्थिति बन जाती है,हाथठेला व्यवसाईयों को कई बार समझाइए भी दी गई शासन-प्रशासन के निर्णयानुसार कुंडिया रोड,खारवा रोड,नगर परिषद के पीछे व दीवाल रोड पर इन्हें व्यवस्थित रूप से बैठाया जा रहा है,उनके लिए अस्थाई रूप से भूमिआवंटन की है,हाथ ठेला व्यवसाइयों के लिए और अच्छी व्यवस्था करने के प्रयास जारी है। टी आई दिलीप देवड़ा ने बताया कि हाथ ठेलों पर व्यवसाय करने वालों को आश्वश्त किया कि फिलहाल शासन प्रशासन ने जो निर्णय लिया है उन स्थानों पर अपना व्यवसाय करें,और इससे अच्छी व्यवस्था की जाएगी।

**मां नर्मदा जयंती महोत्सव का दूसरा दिन**

# नर्मदा के घाटों पर श्रद्धा भक्ति के साथ वेद मंत्रों से गूंजी नगरी

**ओंकारेश्वर (ललित दुबे)।** पुण्य सलिला मां नर्मदा का जन्म महोत्सव सपूर्ण घाटों पर हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है नर्मदा के घाटों घाटों पर वेद मंत्रों से गूंजने लगी नगरी नर्मदा में टिमटिमाते दीप विशेष विद्युत सज्जा के दूसरे दिन नर्मदे हर के जय घोष गूंजने लगे

ओंकारेश्वर में मां नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर सात दिवसीय महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और वैदिक परंपराओं के साथ मनाया जा रहा है। वैदिक ब्राह्मणों के गगनभेदी मंत्रोच्चार के बीच प्रतिदिन मां नर्मदा का विधिविधान से पूजन-पाठ, पंचामृत अभिषेक एवं भाव आरती संपन्न हो रही है। ओंकारेश्वर के प्रत्येक घाट गोमुख घाट, कोटि तीर्थ घाट, केवल रामघाट, नागर घाट, ब्रह्मपुरी घाट पर नर्मदा का प्रतिदिन विशेष पूजन अर्चन हो रहा। महोत्सव के दौरान नर्मदा घाटों को विशेष रूप से सजाया गया है। रंग-बिरंगी रोशनियों, पुष्प-सज्जा और धार्मिक प्रतीकों से सुसज्जित घाट श्रद्धालुओं के लिए आस्था का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहे हैं। सायंकालीन समय में मां नर्मदा की भाव आरती के दौरान वातावरण भक्तिमय हो उठता है, वहीं मधुर नर्मदा भजनों के साथ श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर भक्ति रस में डूब रहे हैं। आयोजन समिति के अनुसार सातों दिन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, पूजन-अर्चन और अभिषेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। मां नर्मदा जयंती महोत्सव के इस पावन अवसर पर संपूर्ण तीर्थ नगरी आस्था और भक्ति के रंग में रंगी हुई नजर आ रही है।

# श्री महालक्ष्मी मंदिर का 21 वां पोटात्सव आज

**अक्षत द्वारा लक्षार्चन, श्री सूक्त से हवन, कन्या भोजन सहित धार्मिक आयोजन होंगे**

**खण्डवा।** खण्डवा शहर के उत्तर दिशा में स्थित धन की देवी माता श्री महालक्ष्मी मंदिर के 21 वां पोटात्सव (स्थापना दिवस) 21 जनवरी के अवसर पर माताजी के मंदिर में कई धार्मिक आयोजन होंगे । महालक्ष्मी मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुभाष खंडेलवाल एवं मंदिर पुजारी पं. बसंत महोदय ने बताया कि लक्ष्मी मंदिर की स्थापना 21 जनवरी 2005 को हुई थी। इस वर्ष मंदिर के 21 वां पाटोत्सव (स्थापना दिवस) अवसर पर प्रातः माताजी 6 बजे श्रृंगार, 8 बजे विशेष आरती के बाद महालक्ष्मी का किसमिस से अर्चन के बाद श्री सूक्त, लक्ष्मी सहस्त्रनाम द्वारा विशेष हवन होगा जिसमें विशेष सामग्री में कमल गट्टा, केसर, मखाना, घी आदि रहेगी। दोपहर भोग आरती के बाद कन्या भोजन होगा। दोपहर में लालचौकी महिला मंडल सदस्यों द्वारा अक्षत लक्षार्चन के बाद सायंकाल मंदिर में बेंड बाजा के साथ महिला मंडल द्वारा भजन के बाद रात्रि 8 बजे माता का विशेष श्रृंगार महाआरती के बाद प्रसादी वितरण के साथ आतिशबाजी की जावेगी । रात्रि में मंदिर में 108 दीपक प्रज्जवलित किये जायेंगे। मंदिर में आकर्षक विद्युत सज्जा भी की गई है।

मंदिर पुजारी पं. बसंत महोदय, सचिव राकेश झंवर ने नगर की धार्मिक जनता से अपील की है कि 21 जनवरी को माता की आगवानी शहर में हुई थी, इस शुभ मौके पर सभी अपने-अपने घरों में पांच दीपक प्रज्जवलित करें, सनातन संस्कृति में दीपक प्रज्जवलित करना शुभता का प्रतीक माना गया है। हम सभी दीपावली पर्व पर पांच दिनों तक दीपक प्रज्जवलित करते है । ट्रस्ट के सुभाष खंडेलवाल ने बताया कि आज से 21 वर्ष पूर्व शहर का विकास थम सा गया था, शहर के उत्तर दिशा में लाल चौकी क्षेत्र में शहर की खुशहाली, समृद्धि के लिए जयपुर से लाई गई महालक्ष्मी माता की प्रतिमा विधि विधान से स्थापित की गई, जिस दिन से मां की प्रतिमा स्थापित की गई शहर का वास्तु बदल गया। मंदिर निर्माण के बाद से शहर में चारों ओर खुशहाली, समृद्धि के द्वार खुल गये है, यह सब माता लक्ष्मी की कृपा से हो रहा है। माता लक्ष्मी कमल के पुष्प पर विराजित होकर हाथ में स्वर्ण कलश लिये आशीर्वाद प्रदान कर रही है। मंदिर में माता के साथ ही भगवान गणेश, भगवान विष्णु, माता सरस्वती की प्रतिमा के साथ ही स्फटिक श्रीयंत्र भी स्थापित किया गया है। ट्रस्ट कोषाध्यक्ष शैलेष पालीवाल ने बताया कि ट्रस्ट के सचिव राकेश झवर, लखनलाल नागौरी, गुरमीत उबेजा, मधुकांता खंडेलवाल, अखिलेश गुप्ता, दीपक पालीवाल, राकेश पालीवाल, चंद्रशेखर मिश्रा, मंगलेश उपाध्याय, आनंद गुप्ता, अलकेश गुप्ता, संजय शुक्ला, संतोष यादव ने नगर की धर्मप्रेमी जनता से मंदिर के स्थापना दिवस पर महाआरती में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण करने का अनुरोध किया है।

## आज हरिओम बाबा के द्वादश वें निर्वाण उत्सव पर होगा भंडारा

**खंडवा।** बड़ाबम ब्राह्मणपुरी स्थित श्री गुरु गादी परम पूज्य गुरुदेव हरिओम बाबाजी (प. वेदप्रकाश खरे) का द्वादश पुण्य स्मरण आज माघ शुक्ल तृतीया तिथि 21 जनवरी बुधवार को बाबा की समस्त गुरु भक्त मंडली व्दारा निर्वाण दिवस को उत्सव के रूप में मनाया जायेगा। निर्वाण उत्सव पर चरण पादुका अभिषेक पूजन, हवन यज्ञ पश्चात विशाल भंडारा आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए जिला शिवसेना प्रमुख गणेश भावसार एवं निर्मल मंगवानी ने बताया कि ब्राह्मणपुरी स्थित गादी प्रमुख प. वेदप्रकाश खरे जो अपने जीवनकाल में ही किवदंती की तरह विख्यात हो गए थे। उन्हें निर्वाण प्राप्त किए 12 वर्ष हो गये है। सभी बाबा भक्त प्रेमी जनता से धर्मलाभ लेने अपील समस्त गुरु भक्तों ने की है।

## यातायात थाने मे विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने चित्रकला से यातायात नियमों के पालन करने का दिया संदेश

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय के निर्देशन में यातायात पुलिस खंडवा ने सड़क सुरक्षा और जीवन रक्षा को ध्यान में रखते हुए, जिले में चल रहे यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री अनिल कुमार राय मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक देवेंद्र सिंह परिहार द्वारा थाना यातायात मे खंडवा के विभिन्न स्कूलों के बच्चों के माध्यम से सुरक्षित यातायात विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे सरस्वती शिशु मंदिर, मोतीलाल नेहरु सूरजकुण्ड, सेंट जोसफ, एम.एल.बी स्कूल के सीनियर व जुनियर वर्ग के 50 बच्चों ने भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चो द्वारा सुरक्षित यातायात पर सकारात्मक संदेश देने वाले चित्र बनाये गये, जिसमे चित्रों के माध्यम से सभी को संदेश दिया गया कि यातायात नियमों का पालन करना चाहिए, शराब पीकर वाहन न चलाये, हेलमेट, सीटबेल्ट अवश्य धारण करे। छात्रों द्वारा बनाए गये चित्रकला को कमेटी द्वारा चयन पश्चात प्रथम, द्वितीय विजेताओ को पुरस्कृत किया जावेगा। यातायात पुलिस टीम द्वारा इन्दिरा चौक बस स्टेण्ड पर वाहनों मे रेडियम लगवाये गये एवं यातायात पालन करने की हिदायत दी गई7 जागरुकता के साथ-साथ यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह परिहार, सूबेदार धर्मेन्द्र गौर, सहायक उप-निरीक्षक विश्वास वानखेडे, सहायक उप-निरीक्षक रामेश्वर कंसाना, सहायक उप-निरीक्षक गजेंद्र सिंह पवार और यातायात टीम के द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वाले 55 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई और ?35200 का जुर्माना वसूला गया, जिसमें बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग और अन्य धाराओं में चालान शामिल थे। सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में समझाया गया। इस प्रकार अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाही करके आमजनता में सड़क सुरक्षा और जीवन रक्षा का संदेश भी दिया गया।

## छुरे से लोगों को डराने धमकाने वाले आरोपी को दो वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदण्ड

**खंडवा।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री भरत दीप चौरसिया, खण्डवा की न्यायालय द्वारा निर्णय पारित करते हुए आरोपी संतोष उर्फ मंदाकिनी उम्र 38 वर्ष, निवासी लक्क्ड बाजार कुण्डलेश्वर वार्ड को धारा 25 (1-बी) बी आयुध अधिनियम में 02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन की ओर से मामले की पैरवी सहा0 जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती संगीता कुमाँयू द्वारा की गई। अभियोजन सहायक मीडिया सेल प्रभारी श्री हरिप्रसाद बांके द्वारा बताया गया कि, दिनांक 19.06.2024 को सहायक उप निरीक्षक अनिल शुक्ला, थाना मोघटरोड मय हमराह एवं सहायक उप निरीक्षक प्रदीप खरे के इलाका भ्रमण करते दूधतलाई चौपाटी के पास पहुंचा, उसे मुखबिर की सूचना मिली कि ईदगाह रोड पर एक व्यक्ति हाथ में लोहे का धारदार छुरा लेकर लोगों को डरा धमका रहा है, बाद हमराह सहायक उप निरीक्षक खरे के रवाना होकर ईदगाह रोड पर पहुंचा एक जाने वाले लोगों मे भय उत्पन्न हो रहा है, जिसे पकडकर नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम संतोष उर्फ मंदाकिनी बताया एवं उससे लोहे का छूरा रखने के संबंध में लायसेंस का पूछा तो नहीं होना बताया बाद में आरोपी के कब्जे से एक लोहे का धारदार छूरा जप्त किया और अभियुक्त को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना मोघटरोड पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया।

# ठेला लगाकर जीविका चलाने वाले गजानंद संस्थान के सामने के व्यापारी पहुंचे खंडवा जनसुनवाई में, दिया आवेदन

**ओंकारेश्वर (निप्र)।** खंडवा जनसुनवाई में पहुंचे गजानंद संस्थान के सामने ठेला लगाकर प्रतिदिन अपनी जीविका चलाने वाले परिवार पत्रकारों से चर्चा में महिला पुरुषों ने बताया कि हाथ ठेलो पर अपना व्यवसाय 10 वर्षों से करते चले आ रहे है जिससे परिवार का पालन पोषण व भरण पोषण चलता है। और उक्त स्थान पर हर वर्ष मेला भी लगता है, और दुकान लगाने वालो से नगर परिषद् दुकान लगाने वालो रसीदे भी काटती है। 30 दिसम्बर को अचानक बिना सूचना दिये न परिषद के कर्मचारी जे.सी.बी. लेकर आये और वहाँ लगी हुए दुकाने रखें हुए ठेलो को उठाने लगे, अन्य लोगो ने वहीं विरोध किया कि जीवन यापन यही से व्यवसाय करके चलता है। धमकाया कि यहाँ पर कोई भी ठेला लगायेगा तो उनके विरूद्ध कार्यवाही करेगे और सामान सहित ठेलो को हटा देगे। गजानन आश्रम के सामने ओंकार प्रसादम् मार्ग बाय के पास ही व्यवसाय करते है। ओर पूर्व में भी सी.एम.ओ. डॉक्टर श्री सुशिर कृष्णा (अपर कलेक्टर महोदय) द्वारा हम को पाँच पाँच फीट के ब्लाक काटकर व ले आउट बनाकर दुकाने अलाट की गई थी। उसके पश्चात् भी बिना जानकारी प्राप्त किये जबरजस्ती दुकानो को हटाने का प्रयास किया। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, यह व्यवसाय उनका कच्चा काम है, और कई वर्षों से ग्राहक आदि आते है, उसी स्थान की जानकारी लोगो को भी है। यथावत् स्थान पर ठेले लगाने की अनुमति दी जावे ताकि हाथ ठेलो पर अपना व्यवसाय कर सके उक्त स्थान पर ठेले लगाने से किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है, क्योकि उसी के आगे बहुत सारी खाली भूमि भी है। यदि शासन द्वारा कोई कार्यकम किया जाता है या किसी नेता अधिकारी आते है तो हम शासन की मदद करने व दो तीन दिन के लिए वह स्थान भी खाली कर देगे। वहाँ पर बने गेस्ट हाउस वालो द्वारा अधिकारियों द्वारा गरीब व्यवसायियो से उनका हक छिनकर वहाँ पर गाड़ियों की पार्किंग स्थल बनाना चाहते है, जबकि गाडीयों खड़ी करने की जगह कुबेर भण्डारी स्थान पूर्व से ही बना हुआ है और वहा पर गाड़िया खड़ी करने की पर्याप्त जगह है।सभी ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि उनके ठेले जो की अस्थाई है लगाने की अनुमति दिवस दी जाए नगर परिषद को उसके लिए टैक्स भी देने को तैयार है।